DEMAND No. 56—CENSUS

"That a sum not exceeding Rs. 1,15,03,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Census'."

DEMAND No. 57—STATISTICS

"That a sum not exceeding Rs. 2,20,35,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Statistics'."

DEMAND No. 58—PRIVY PURSES AND ALLOWANCES OF INDIAN RULERS

"That a sum not exceeding Rs. 86,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Privy Purses and Allowances of Indian Rulers'."

DEMAND No. 59—DELHI

"That a sum not exceeding Rs. 19,78,44,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Delhi'."

DEMAND No. 60—ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS

"That a sum not exceeding Rs. 3,12,42,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Andaman and Nicabar Islands'."

DEMAND No. 61—DADRA AND NAGAR HAVELI AREA

"That a sum not exceeding Rs. 21,19,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Dadra and Nagar Haveli Area'."

DEMAND No. 62—LACCADIVE, MINICOY AND AMINDIVI ISLANDS

"That a sum not exceeding Rs. 48,22,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Laccadive, Minicoy and Amindivi Islands'."

DEMAND No. 63—OTHER REVENUE EXPENDITURE OF THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS

"That a sum not exceeding Rs. 2,92,69,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Other Revenue Expenditure of the Ministry of Home Affairs'."

DEMAND No. 132—CAPITAL OUTLAY OF THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS

"That a sum not exceeding Rs. 72,73,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Capital Outlay of the Ministry of Home Affairs'."

---

MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE

**Mr. Deputy-Speaker:** The House will now take up discussion and voting on Demand Nos. 42 to 47 and 128 to 130 relating to the Ministry of Food and Agriculture, for which 9 hours have been allotted.

Hon. Members desirous of moving their cut motions may send slips to the Table within 15 minutes indicating which of the cut motions they would like to move.

DEMAND NO. 42—MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE

"That a sum not exceeding Rs. 80,38,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Ministry of Food and Agriculture'."

DEMAND NO. 43—AGRICULTURE

"That a sum not exceeding Rs. 3,48,10,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1966, in respect of 'Ministry of Agriculture'."

DEMAND NO. 44—AGRICULTURAL RESEARCH

"That a sum not exceeding Rs. 5,43,33,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Agricultural Research'."

DEMAND NO. 45—ANIMAL HUSBANDRY

"That a sum not exceeding Rs. 1,07,44,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Animal Husbandry'."

DEMAND NO. 46—FOREST

"That a sum not exceeding Rs. 1,21,74,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Forest'."

DEMAND NO. 47.—OTHER REVENUE EXPENDITUR OF THE MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE

"That a sum not exceeding Rs. 29,37,12,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day March, 1966, in respect of 'Other Revenue Expenditure of the Ministry of Food and Agriculture'. "

DEMAND NO. 128—CAPITAL OUTLAY ON FOREST

'That a sum not exceeding Rs. 1,57,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1966, in respect of 'Capital Outlay on Forest'."

DEMAND NO. 129—PURCHASE OF FOODGRAINS

"That a sum not exceeding Rs. 3,33,13,75,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1966, in respect of 'Purchase of Foodgrains'."

DEMAND NO. 130—OTHER CAPITAL OUTLAY OF THE MINISTRY OF FOOD AGRICULTURE

"That a sum not exceeding Rs. 70,29,77,000 be granted to the President to complete the sum necessary to defray the charges which will come in course of paypayment during the year ending the 31st day of March, 1966, in respect of 'Other Capital Outlay of the Ministry of Food and Agriculture'."

The above demands are now before the House.

**Shri Narasimha Reddy** (Rajampet): I congratulate Shri C. Subramaniam on his second birth in this portfolio. In the wake of the anti-Hindi agitation in the South, he wanted to divest himself of an arduous and thankless job, but the cruel hands of Kamaraj Nadar on the one side and of Shastri on the other,

[Shri Narasimha Reddy]

caught him while running, tied him hand and foot and brought him back like a sacrificial lamb to serve as a target to the sharpened daggers of my leftist friends. I am told that Shri Subramaniam undertook a long journey to Australia with the laudable purpose of negotiating a deal for wheat, but when he went there with a goodly retinue of his officials, he was told by the Australian Government that he had come at a wrong time when that country was in the grip of drought and that there was no surplus to give, a fact which he could easily have ascertained by a communication spending one rupee stamp either to the Australian Government or to our Embassy. I hear a modest sum of Rs. 2½ lakhs, most of it in foreign exchange, has been spent, on this modern voyage of Jason in search of the golden fleece, but we hear that instead of the golden fleece being brought, the Australian Government, chukling inside, gave him a consolation prize of a milk bar which is intended to be installed in the Parliament House for the benefit of Members of Parliament, the mention of which makes our lips and tongues smack with a milky taste. I hear Sir, that there is a strong lobby of our Members of Parliament which is of opinion that since there is already a milk bar in the Parliament House a second milk bar is superfluous and they would have preferred a bar other than that of the insipid milk. If that wish materialises it will offer a goodly sight to those incorrigible prohibitionists like Shri Nanda and Shri Morarji Desai who would feast their eyes upon their beloved Members of Parliament slaking their thirst in the Parliament House and probably themselves too having a snap drink at it in some odd corner!

In this unbridled megalomania of our Government to send out foreign delegations of every sort, colour, type and variety, descript and nondescript and of official missions headed by ministers, their secretaries and whole bunches of lesser luminaries this little mission of Shri Subramaniam and his meagre staff of 10 persons is not considered a wasteful expenditure.

**The Minister of Food and Agriculture (Shri C. Subramaniam)**: I wish the hon. Member is better informed with regard to the number of people in the delegation, the figures about foreign exchange and other things.

**Shri Narasimha Reddy**: He had better inform us in his reply.

**Shri C. Subramaniam**: It is not worth replying.

**Shri Narasimha Reddy**: Anyway, the people are of the opinion that this long voyage may not be a waste because they have returned with their vigour renewed, their health replenished amid the haunting beauties of the ozone-filled South Pacific Islands.

As important or even more important than either the Chinese aggression or Pakistani incursion or even the underground activities of Chinese communists, is the problem of food and agriculture. Everybody knows that the conditions of weather, wind rain drought, floods or pests have got to do a good lot in either increasing or decreasing food production. When there is a bad year, the production goes down and the prices naturally go up. On this account there should not be any panic spread in our country, because the prices adjust themselves to lean as well as the surplus years of harvest. Last year was a bad year for crops, not only the prices of foodgrains rose in certain parts of the country but even the required grain was not available at any price in some other parts. The Government naturally should have foreseen this contingency and created a buffer-stock to meet the situation which it did not do. That is why the Government was the target of criticism on all sides, especially from my communist friends who being ever on the prowl to take advantage of the

slighest opportunity to press their pet ideas, prodded the Minister vigorously for the introduction of price control, procurement and State trading. The frightened Minister, instead of keeping his head cool, launched upon the policy of intervention into the free social market by introducing price control, procurement and State trading.

Often, statements have been made in this House by Government spokesmen that there would be no procurement from the producers but only from the traders. Procurement has been clamped down upon the country wherever foodgrains are produced. In Andhra Pradesh, the Minister concerned has made statements, in season and out of season, in the Assembly and in the press, that under no circumstances there would be procurement from the producers. But now, notices have been issued to every agriculturist to declare his stocks once in 15 days and to go on declaring *ad infinitum* every fortnight not understanding that this clerical process would involve undue hardship and considerably come in the way of the illiterate ryot giving undivided attention to his agriculture. This sorry spectacle of ministers making public statements and going back on them within a few days is hardly worthy of the representatives of the people.

The prices that are now fixed are lower than the market rates. But the Government have not taken into consideration the price which the growers of foodgrains have to give for other commodities in the market like sugar, cement, ghee, cloth, agricultural implements and milk, fruits, vegetables and a host of other things. Even the price of ghee that is sold in the Parliament House under the aegis of the Ministry of Food and Agriculture has been increased from Rs. 8 per kilo to Rs. 9.25 per kilo. So, why should you penalise only the foodgrain growers? Why not begin by controlling the industrial products? I feel that this Government would not be able to control the prices of industrial products because the industrialists have been the great financiers of the Congress party during elections and they do not want to strike the hand that feeds them. But money is not the only factor that has placed the ruling party in the present position. If the ruling party is in power today it is on account of the support it had from the landed class, from the peasant proprietors, from the millions of agriculturists who have given their votes to them. The agriculturists have been the rock on which during successive elections, the ideology and the propaganda of the communists have recoiled in despair. That is why the communists at every available opportunity have been wanting to weaken the ryots and liquidate them even as ther kinsmen in Russia and China have done. I would, therefore, warn the government not to fall as scared victims to their agitation and thus kill the very source of our country. Last year the President's Address indicated that there was decrease in production. How can it be otherwise, when our government's chief adviser and mentor is the Planning Commission whose outstanding achievements in the field of agriculture has been the introduction of famine conditions in our country? It can very well call itself as the Famine Commission of India. I wish there was at least one person in the Plannig Commisison who had lived for some years in the villages, who had practical knowledge of agriculture and who was completely familiar with the living conditions of the villagers like my friends Mr. Karuthiruman of the Congress or Mr. Muthu Gounder of the D.M.K. Merely filling the Planning Commission with persons whose only qualification seems to be book knowledge garnered by them in the storeyed palaces of metropolitan cities and the malleability of their disposition to adjust themselves to the fashionable winds of socialism is not the way to deal with rural India.

I am sure the minister knows that

[Shri Narasimha Reddy]

there is a large influx of persons from the villages into the towns. Even confirmed agriculturists who have been living for generations only on agriculture, are advising their sons to give up the profession of agriculture and take to other professions. People from rural areas are flocking to the towns, because they know that their integrated voice for better emoluments would sound greater with the government and that their claims would be supported by loud-throated leftist elements, who anxious for their support during the elections, keep the chorus all the year round. The minister must try to understand the root cause of the decrease in agriculture, why the agriculturists are depressed and demoralised and there is a sense of degeneration and frustration, and why they are not tempted to stay in their original profession. I will mention only a few things and if they are done, I believe agriculture would improve.

Apart from the supply of tractors, bull-dozers, agricultural implements and so on which are natural incentives to agriculturists at all times, I first of all suggest that the minister should abolish the food zones, remove all price controls and allow free trade. If the government wants to have surplus stocks, let the government compete with the traders, create buffer stocks and in times of need let them come to the rescue of the people in scarcity areas.

Next comes the question of supply of fertilisers which are not supplied at all to the ryots at proper times and proper prices. There is a great black market going on in fertilisers. Today I read a press statement in the Telugu papers that at a public meeting in Andhra Pradesh where both the Andhra Pradesh Congress President and the concerned minister were present and the A.P.C.C. President affirmed that the whole of Andhra Pradesh is saturated with black-marketing in fertilisers. While touring my constituency, I have myself seen half-clad ryots waiting at the doors of these houses which were authorised to sell fertilisers and going back disappointed. Everywhere there is complaint against district marketing societies and I believe much useful purpose would be served if the minister takes it into his head to send the central CID to investigate into the doings of these marketing societies into which some of these daylight thugs have crept in and are abusing the powers and patronage of the government. I do not want to suggest Chittoor district, because it will be casting a reflection on the constituency of my leader, Prof. Ranga. I would request Mr. Subramaniam to send the central CID immediately to my district of Cuddapah to see how the marketing societies have been working for the last three years. I am sure the CID would be able to unearth these delinquents. When they are unearthed, I do not know whether my friend's government would be able to tackle them properly. I feel rather they can be tackled only in the communist manner and I would advise him to hand them over for proper punishment either to the Russian communists or to the Chinese Communists.

The next thing I suggest to the minister is interest-free loans to the agriculturists. Short-term loans for 2 years must not bear any interest. Long-term loans must not carry more than 2 per cent interest. I find that ryots who have taken well-subsidies and spent not only that sum, but three times that amount and found rock inside, even that money was being collected mercilessly by the government, which acted as Shylock and not as a beneficent patron of agriculture. Crores of rupees are being wasted on Bharat Sewak Samaj, Khadi Industries Board, etc. Government has given about Rs. 50 crores to the Khadi Industries Board, which is

about to be written off. We hear there are many drones and parasites taking advantage of these societies. What is wrong in excusing some of these ryots who have put in their legitimate effort to put to good use the money they took from government and are unable to pay it back? I would request the minister to bestow thought on it and advise the local governments to behave properly in such matters with sympathetic human feelings.

In arid tracts of India like Rajasthan, Gujarat and Rayalaseema in Andhra, much irrigation could be done by boring tubes in the wells. In my district, there are big wells which are dried up and practically without water. But if boring is done to a depth of only 50 to 60 ft. there would be plenty of water. Some rich people have tried it and succeeded.

The most important factor is that the ryots have to pay enormous taxes. Within the last two to three years, under the inspiration of this wonderful Planning Commission, the State Governments have increased taxes by 300 to 400 per cent. The agriculturists who form the bulk of India's population have been bearing the brunt of all indirect taxes. Why should they continue to be fleeced by this land tax? Our party is of opinion that this land tax should be abolished altogether. But I do not know whether the present government has the pep to do it.

The ryots, the landed people, have got the fear that their lands are in danger of being taken by the government at any time. They fear the land ceilings. The land ceilings also are not uniform in the whole of our country. Some States have got a ceiling of 25 acres, some 20 acres, some 30 acres and so forth. In this fluid state, the ryots are afraid that another freakish Congress government that may succeed the present Congress ministry may take it into its head to bring down the ceiling from 25 or 20 acres to 5 acres.

Therefore, I would advise the Government to re-consider all the land legislative measures like land ceiling, tenancy and Seventeenth Constitution Amendment, and see that confidence is restored among the ryots.

Sir, a wonderful opportunity is presented before Shri Subramaniam to serve his country and his people. The torch and culture of our civilisation has been carried down from century to century through the last over five thousand years by the sturdy yeomen and devoted women of agricultural families who are the pride of our homes. Let not the peaceful and pastoral setting of our country be despoiled by alien creeds, by the onslaught of a ruthless, soulless and godless ideology. It is high time that the Minister puts his foot firmly down and stops the rot. Price control, co-operative farming, procurement, nationalisation of banks and State trading are different facets of hydra-headed communism which would strangulate our agricultural economy and dry up the last remaining springs of our culture. Shri Subramaniam belongs to an agricultural family. I will ask him to prove himself worthy of the blood of his ancestors. If such a time comes when he must needs bend before the aggressive forces let loose by Marxist disciplines and cut the throats of agriculturists, rather than do it, I would advise him to get into a helicopter, go right over the Bay of Bengal and precipitate himself into the heaving depths below.

**श्री विभूति मिश्र** (मोतिहारी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं फूड और एग्रीकल्चर मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं। मैं आगे कहना चाहता हूं कि मैं 13 सालों से इस मंत्रालय के बारे में बोल रहा हूं लेकिन इसके बावजूद आज तक खेती के मुहकमे से जो फायदा हमको होना चाहिए था वह नहीं हुआ। इस रिपोर्ट के पेज 1 के पैरा 5 में लिखा है :

"It is obvious that the lasting solution to the food problem lies

[श्री विभूति मिश्र]

in substantially increasing agricultural production. In the Third Five Year Plan it was clearly stated that 'both in formulating and implementing programmes for the development of agriculture and the rural economy, the guiding consideration is that whatever is physically practicable should be made financially possible and the potential of each area should be developed to the utmost extent possible'."

यह तो हुआ, लेकिन मैं एक बात बतलाना चाहता हूं कि हमारे यहां आबपाशी को पोटेंशियल क्रिएट किया पहली योजना में 6–5, दूसरी योजना में 11–6 और तीसरी योजना में 19–64 । लेकिन इसका पूरा यूटीलाइजेशन नहीं हुआ । इसका यूटीलाइजेशन पहली योजना में हुआ 3–1 का, दूसरी योजना में 7–9 का और तीसरी योजना में 15–41 का । किसान के लिए सबसे जरूरी चीज पानी है, इसके लिए किसान दौड़ा फिरता है । जब पानी हमारे यहां मिला तो उसका उपयोग होना चाहिए । सिंचाई विभाग ने पानी पैदा कर दिया, अब इस फूड और एग्रीकल्चर विभाग का काम है कि उसका इस्तेमाल करे । इन्हीं की रिपोर्ट में लिखा है कि जो पानी पैदा किया गया उसका इन्होंने इस्तेमाल नहीं किया । ऐसी अवस्था में हमारी खेती की प्रगति कैसे हो । और इसकी जिम्मेवारी फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्टर पर है । लेकिन हम देखते हैं कि सेंटर कह देता है कि यह स्टेट की जिम्मेवारी है, स्टेट कह देती है कि यह सेंटर की जिम्मेवारी है, कोई आदमी पकड़ में नहीं आता । अगर रुपये पैसा की बात होती है तो कह देते हैं कि कोआपरेटिव डिपार्टमेंट में जाइए । वहां जाते हैं तो वह कहते हैं कि रिजर्व बैंक ने रुपया नहीं दिया । फिर एक ग्राम पंचायत बना दिया, कम्युनिटी डेवेलपमेंट बना दिया । यह समझ में नहीं आता कि कौनसा आदमी जिम्मेवार है । आज स्वाधीनता प्राप्त हुए 17 बरस हो गये । सन 1952 से मैं इस सदन का सदस्य हूं, लेकिन मैं देखता हूं कि आज तक किसी ने यह जिम्मेवारी अपने ऊपर नहीं ली कि हमको कृषि की पैदावार बढ़ानी है । मैं कहता हूं कि पहली जरूरी चीज तो यह है कि पैदावार बढ़े । फिर आप उसे चाहे शहर को खिलावें या देहात को खिलावें । और पैदावार बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी चीज है पानी । फरटीलाइजर आदि तो बाद में आता है । जो यहां किसान भाई बैठे हैं वह जानते हैं कि सबसे जरूरी चीज किसान के लिए पानी है । बिना पानी के पैदावार नहीं हो सकती । आपने पानी तो पैदा किया, लेकिन रिपोर्ट को देखने से पता चलता है कि उस पानी का इस्तेमाल नहीं हुआ है । फूड और एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब बतावें कि पानी का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया । इसका कारण यह है कि रेट बहुत कड़ा कर दिया गया । आप ने डी० वी० सी० में जो पानी पैदा किया उसका रेट कड़ा रख दिया । नतीजा यह है कि किसान को परता नहीं पड़ता, तो किसान पानी ले कर क्या करेगा । इसलिए मेरा सुझाव है कि पानी का रेट कम होना चाहिए । अगर पानी का रेट कम होगा तो उससे किसान को फायदा होगा और पैदावार बढ़ेगी ।

आज 17 साल के राज के बाद भी हमारे देश में बहुत काम कम हुआ है । शेरशाह का पांच साल राज्य रहा था, लेकिन उसने उतने समय में ही कितना काम किया । उसने सारे देश का रेवेन्यू डिपार्टमेंट संगठित किया, सड़कें बनायीं और भी बहुत से काम किये । लेकिन हमारे 17 बरस के राज के बाद मंत्री जी जाते हैं तो व्याख्यान देते हैं कि अभी समय लगेगा । बाबा, यह तो कहिये कि इस देश की जनता भली है, और आप के साथी भले हैं कि आप को इतना मौका देते हैं । आज तक जो पैदावार नहीं बढ़ी उसके लिए हमारी जिम्मेवारी है, हम अपोजीशन की फिक्र

नहीं करते । यह हमारी जवाबदेही है कि पैदावार क्यों नहीं बढ़ी । जो पानी पैदा किया गया उसका यूटीलाइजेशन नहीं हुआ इसकी जवाबदेही मिनिस्टर साहब की है और सरकार की है । उनको इसका जवाब देना चाहिए ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमको सीमेंट नहीं मिलता, लोहा नहीं मिलता, जिसके कारण किसान कुएं नहीं बना सकता, अपने लिए औजार नहीं बना सकता । सारा मुहकमा है लेकिन असल चीज यह है कि किसान के गांव में जाकर किसान को कुछ मिला या नहीं मिला । इसको कोई पूछने वाला नहीं है, कोई इसकी देखभाल करने वाला नहीं है ।

आज मैं यह बतलाना चाहता हूं कि हमारे बिहार में और उत्तर प्रदेश में बिजली से पानी पैदा करने का रेट बहुत ज्यादा है । यह काम हमारे मंत्री महोदय के जिम्मे है । इर्रीगेशन मंत्रालय ने यह विभाग इनके जिम्मे कर दिया है । मद्रास में 6 या 7 पैसे प्रति यूनिट बिजली किसानों को मिलती है लेकिन उत्तर बिहार में और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसका रेट बहुत बढ़ा हुआ है। इस रेट के सम्बन्ध में इरीगेशन एंड पावर मिनिस्ट्री की रिपोर्ट में पेज 40 पर लिखा है :

"At the Ninth meeting of the Agricultural Production Board held on the 5th August, 1964, it was recommended that 'it would not be desirable to subsidize electricity rates for agricultural purposes all over India and that special cases like those of Eastern Uttar Pradesh and North Bihar, where the rates were inordinately high, might be considered separately'."

यह 5 अगस्त सन 1964 का मामला है, पर आज तक फैसला नहीं हुआ । इसमें लिखा है :

"In pursuance of this decision, the Governments of Uttar Pradesh and Bihar forwarded their proposals to the Ministry of Food and Agriculture (Department of Agriculture) and the matter is under examination in consultation with this Ministry. The Bihar Government have sought a subsidy of Rs. 2·8 lakhs and Rs. 5·6 lakhs during 1965-66 and 1966-67 respectively."

आप देखिये कि आज तक यह मामला मिनिस्ट्री में पड़ा हुआ है और फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब बैठे हुए हैं । क्या स्टेप उन्होंने लिया पता नहीं । यह काम इस मिनिस्ट्री के जिम्मे कर दिया गया और यहां पड़ा हुआ है, तो इस मुल्क का काम कैसे चलेगा । खेती के काम जल्दी होने चाहिएं । खेत की मिट्टी को नरम करने के लिए किसान हैजा लेने जाता है उतने समय में माइस्चर सूख जाता है ऐसा खेती का काम है । इसमें इतनी जल्दी करनी पड़ती है । लेकिन यह चीज मिनिस्टर साहब के यहां पड़ी है, न मालूम वह कब फैसला करेंगे कब नहीं । न मालूम क्या फैसला करेंगे । इस अवस्था में आप बताइये कि इस मुल्क की पैदावार कैसे बढ़ेगी । पानी पैदा किया उसका इस्तेमाल नहीं किया । बिहार में और उत्तर प्रदेश में बिजली का पानी पैदा करने का रेट ज्यादा है, वह कम होना चाहिए । ये दो चीजें मिनिस्टर साहब के यहां पड़ी हुई हैं, अभी तक इन्होंने कुछ ध्यान दिया है या नहीं यह कहना मुश्किल है । आगे तीसरी बात यह कहनी है कि आज हम देश में दो फसल काटते हैं । जहां पानी है वहां 14 फ़ीसदी होता है और जहां पानी नहीं है वहां 15 फ़ीसदी होता है । जो खेती के जानकार हैं वे जानते होंगे कि एक फसल में कम पैदावार होती है दो फसल वाले में ज्यादा पैदावार होती है लेकिन हमारे कृषि महकमा को चाहिए कि जितना पानी का इंतजाम है, सिंचाई का इंतजाम है वहां पर चाहिए कि कम से कम 70–75 फ़ीसदी खेतों

[श्री विभूति मिश्र]

में दो बार फसल काटी जाय ताकि पैदावार अधिक हो। अगर होशियार किसान हो तो तीन बार फसल काट सकता है। इसी महीने में गर्से की फसल लगा सकता है, उसके बाद एक फसल काट सकता है और धान के बाद उस में गेहूं की फसल लगा सकता है तभी मुल्क की पैदावार बढ़ सकेगी। अब यह कौन बताये? इस मुहकमे में नीचे से ऊपर तक देख लीजिये, इसमें बड़े बड़े आई० सी० एस० और बड़े बड़े पी० एच० डीज० हैं लेकिन क्या यह बड़े बड़े अफसरान ऐक्चुएली खेती करते हैं? क्या इन्हें खेती का कुछ भी प्रैक्टिकल अनुभव है? यह तो दूसरे काम के लिए बनाये गये थे। जिस काम के लिए इन को बनाया गया था उनको वही काम दीजिये। अंग्रेज शासकों के ड्राफ्ट वगैरह तैयार करने के लिए इनको रक्खा गया था तो इन्हें उसी काम पर भेज दीजिये। यह लोग हल चलाना या खेती करना क्या जानें और उस बारे में यह क्या उपयोगी सुझाव दे सकते हैं? यह खेद का विषय है कि हम किसानों की जिनकी कि जिंदगी इस काम में बीतती है उनकी राय इसमें नहीं ली जाती। अगर इस बारे में विचार करने की कभी आवश्यकता भी पड़ती है तो यह बड़े बड़े आई० सी० एस० और पी० एच० डीज० बैठ कर मीटिंग करते हैं जबकि प्रैक्टिकल नोलिज खेती की किसी को भी नहीं है। यह लोग महज बड़े लम्बे लम्बे नोट्स तैयार कर देते हैं, कागज रंग देते हैं जिस पर कि हमारी सरकार बड़ी नाज करती है। इसी का यह कुपरिणाम है कि आज आजादी प्राप्त हुए 17 साल से अधिक हो गये लेकिन हम अपने उद्देश्य में असफल रहे हैं और जाहिर है कि अगर हम इसी तरह से चलते रहे और अपना दृष्टिकोण हमने नहीं बदला तो हमें नाकामयाबी ही मिलती रहेगी। ऐसा न समझना चाहिए कि देश की हालत ऐसी ही चलती रहेगी और हम गद्दी पर मजे सेजमे बैठे रहेंगे। मेरा कहना है कि सरकार अपनी गफलत को त्यागे। हम लोगों की जिंदगी थोड़ी है और हमें अभी से जुट जाना है क्योंकि कोई नहीं कह सकता है कि आगे क्या होने वाला है। अगर हमने अपनी खेती की ओर ध्यान नहीं दिया और उत्पादन अधिक नहीं बढ़ाया तो हमारा यह सारा का सारा प्लान फेल हो जाने वाला है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि आज खेती की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाय।

आज बहुत सी जमीन बाढ़ के कारण बह जाती है। पंजाब में हमने यह चीज देखी। हर एक सूबे में बाढ़ के कारण जमीन बह जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि किसानों की फसल मारी जाती है। इसके लिए जरूरत इस बात की है कि ड्रेनेज का इंतजाम किया जाय जिससे कि खेत न बहें। अगर खेती नहीं बहेगी तो आपकी फसल तबाह होने से बच जाया करेगी। बहुत सी जगह ऐसा हुआ कि पानी को रोकने के लिए गेट नहीं बनाये गये जिसका कि नतीजा यह हुआ कि पानी निकल गया। पानी के बहने का इंतजाम कर दिया; नतीजा यह होता है कि जब पानी निकल गया और बाद में अगर पानी की जरूरत पड़ती है तो पानी रोका नहीं जा पाता है क्योंकि वहां गेट नहीं हैं।

जो हमारे पहले जमींदार लोग थे वे बेचारे किसानों का ख़याल करते थे, सिंचाई और खेती की अन्य आवश्यकताओं के बारे में किसानों की मदद भी करते थे, उनके लिए कुएं आदि भी बनवाते थे लेकिन जबसे यह सरकारी जमींदारी हो गयी है तब से उसके द्वारा उधर ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकारी जमींदारी यानी जो आपका मुहकमा है वह कहता है कि इसके लिए सैंक्शन नहीं है। अब हालत यह है कि जहां तक हमारे मिनिस्टर लोगों का सम्बन्ध है उन्हें बी० डी० ओज० के वहां जाने का मौका नहीं मिलता है और हमारे यह बी० डी० ओज० खुद उनके पीछे दौड़े दौड़े फिरते हैं। इसके विपरीत हमारे जैसे साधारण जन बी० डी० ओज० के

यहां दौड़ते दौड़ते भले ही मर क्यों न जायं लेकिन काम नहीं होता । इसलिए मंत्री महोदय को इस अपने विभाग में भी व्यापक सुधार करने की ज़रूरत है ।

अब आप देखें कि पंचायत का काम कैसे चलता है ! कम्युनिटी डेवलपमेंट में कहीं सिंचाई का काम होता है कहीं कोआपरेटिव से कर्जा मिलता है उसको आप देखें । उसमें सुधार करने की ज़रूरत है और अगर उस दिशा में कदम नहीं बढ़ाया गया तो आगे कुछ भला होता नहीं दिखाई पड़ता है ।

एक हमारे यहां गंडक योजना है । यह तो फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्टरी का काम है कि वह इसको देखे कि कहां कहां सिंचाई की व्यवस्था की जाय ताकि देश का कृषि उत्पादन बढ़े । अभी आपस में कोई समन्वय नहीं है और किसी मुहकमे के जिम्मे एक काम है तो किसी मुहकमे के जिम्मे दूसरा काम है । कहां, कहां पानी हो इसके लिए फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्टरी को बतलायें कि फलांनी फलांनी जगह आप को नहर बनाने की ज़रूरत है और फलांनी फलांनी जगह आप को नदी को बांधने की ज़रूरत है । इस नदी को बांध कर आप ज़मीन से पानी निकालिये । किसानों को खेत में पानी दीजिये लेकिन इस बारे में यह विभाग क्या कर रहा है । इरिगेशन एंड पावर और इस मिनिस्टरी का एक कोआरडिनेशन बोर्ड बना है । हम लोगों से नहीं पूछा गया कि बिहार का कौन सा स्कीम लिया जाये । कुछ रोज हुए एक मीटिंग में मैं ने अपने फाइनेंस मिनिस्टर से कहा कि बिहार में सिंचाई के ऊपर केन्द्रीय सरकार ध्यान नहीं देती तो उन्होंने कहा कि आप के यहां से कोई स्कीम नहीं आई है । कम से कम हम लोगों से पूछना तो चाहिए कि कौन सी स्कीम है ? हमारे यहां एक गंडक योजना है । उस योजना से नैपाल का खेत पटेगा, उत्तर प्रदेश का खेत पटेगा और बिहार का खेत पटेगा लेकिन सवाल यह है कि सैंट्रल गवर्नमेंट उस को लेकर जल्द से जल्द बनाती और ऐसा यदि होता है तो किसानों का इस से उपकार होगा ।

ज़रूरत तो इस बात की है कि खेती के जो अफसर हैं उनके जिम्मे सिंचाई वगैरह का भी काम खेती के काम के साथ साथ देखने के लिए कर दिया जाय। लेकिन अब खेती के मुहकमे के आदमी जोकि पी० एच० डी० होते हैं वह बी० डी० ओज़० के मातहत रहें जोकि सिम्पुल ग्रेजुएट हैं तो यह एक आपस में टकराव होता है और उस झगड़े में खेती का काम नहीं होता है । इसलिए बेहतर यह होगा कि यह तमाम काम एग्रीकल्चरल डिपार्टमेंट के जिम्मे कर दिया जाय और ऐसा होने से ही ठीक से काम हो सकेगा और कृषि का उत्पादन बढ़ेगा ।

जो टैकनिकल ऐडवाइस देने वाले हैं वह हमें समय समय पर आवश्यक टैकनिकल ऐडवाइस दिया करते रहें ताकि किसानों को नई नई जानकारी होती रहे और वह उनका लाभ उठा कर खेती की उन्नति कर सकें ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो रहा है ।

**श्री विभूति मिश्र** : एक अन्तिम बात कह कर मैं समाप्त करूंगा । कुछ दिन पहले चीनी की कमी हो गई थी । इस साल अंदाज़ा है कि 31 लाख टन चीनी होगी । हमारे उत्तर बिहार की और ईस्टर्न यू० पी० की, दोनों की, एक ही प्राबलम है । इस साल हमारे खेत से गन्ने की पैदावार अधिक हुई है । किसान फर्टिलाइजर माइंडेड हो गया है । जो किसान यह सोचता था कि मेरी जमीन में एक एकड़ में 300 मन गन्ना पैदा होगा उस के वहां 500, 550 मन और कहीं पर तो 600 मन तक गन्ना पैदा हो गया है ।

हमारे यहां एक बगहा शुगर मिल है और एक मोतिहारी शुगर फैक्टरी है । दोनों शुगर फैक्टरीज में इतना गन्ना है कि ये दूसरी शुगर फैक्टरीज़ में गन्ना दे रहे हैं लेकिन बगहा

[ श्री विभूति मिश्र ]

शुगर फैक्टरी के बारे में यह अंदाजा लगाया जाता है कि यह सब करने के बावजूद भी 2 लाख मन गन्ना रह जायेगा जिसको कि हमारी फैक्टरीज क्रश नहीं कर पायेंगी । यह फैक्टरी सन 1934 के साल में लगी थी और यह अब काफ़ी पुरानी फैक्टरी हो गयी हैं। किसी की गन्ना पेरने की ताक़त है 20 हजार मन तो किसी की ताकत है 25 या 30 हजार मन । जब यह फैक्टरीज लगाई गई थीं तब से अब टैकनिकल ऐडवांसमेंट बहुत ज्यादा हो गया है । जरूरत इस बात की है कि सरकार उन फक्टरीज को मौडरनाइज़ करे, उनका एक्सटेंशन करें और एक्सपेंशन करें और उनकी क्रशिंग कैपेसिटी को बढ़ाये । अगर सरकार अगले साल इन शुगर फैक्टरियों के एक्सपेंशन और मौरडरनाइजेशन के लिए कुछ नहीं करेगी और इनकी क्रशिंग कैपेसिटी नहीं बढ़ायेगी तो किसानों के लिए यह एक बड़ी भारी समस्या हो जायगी क्योंकि उस हालत में काफी गन्ना किसानों का बगैर पिरे पड़ा रह जायेगा ।

इस बारे में एक सेन कमीशन गया था । उस के जाने से हमारे यहां के किसानों के मन मे यह भावना हो गयी है कि यह सारी की सारी शुगर फेक्टरीज हटा कर साउथ में ले जाना चाहते हैं । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस बात की सफाई करें कि वहां से कोई भी शुगर फैक्टरी नहीं हटायी जायगी । अगर एक भी चीनी मिल वहां से हटाई गई तो बलवा हो जायेगा ।

प्राइस कमीशन बनाया गया है । हमारी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने जिसकी कि बुनियाद पर हम यहां बहुतायत में हैं और सरकार को चला रहे हैं उस ने इस प्राइस के बारे में कहा है कि किसानों को सरकार को इंटेगरेटेड रैम्युनरेटिव प्राइस देनी चाहिए लेकिन उसे आज तक हमारी सरकार ने नहीं माना है । जिस संस्था के बलबूते पर देश का राज्य हम ने लिया और देश का राजकाज चला रहे हैं उस अपनी संस्था के इंटेगरेटेड रैम्युनरेटिव प्राइस के प्रस्ताव को सरकार ने नहीं माना है । वह दूसरा दफ्ज़ कहते हैं । जो कमीशन है उस में किसानों का कोई प्रतिनिधि नहीं है । तीसरी बात यह है कि कमीशन ने एक हिसाब किताब लगा कर जैसा कि अखबारों में आया है यह कह दिया है कि हम से यह काम नहीं होगा, स्टेट गवर्नमेंट दाम ठीक करे । मेरा कहना है कि जब किसान की बात आती है तो हमारी सरकार पीछे मुकर जाती है । वह यह दलील देती है कि चूंकि हम को शहर वालों को खिलाना है, शहर वालों को खिलाने के लिए और बड़े बड़े कारखाने वालों को, चूंकि हमें खिलाना है इसलिए हम किसानों का भला नहीं करेंगे । तो मैं यहां एक बात का साफ़ ऐलान कर देना चाहता हूं कि जिस समय कार्ल्स मार्क्स ने अपनी किताब लिखी थी तो उसने सोचा था कि मजदूर रैवोलूशन कर सकते हैं लेकिन इस बात को चीन के माओत्से तुंग ने साबित कर दिया कि मजदूर ही नहीं अपितु किसान भी रैवोलूशन कर सकते हैं और उस के पहले मोहनदास कर्मचन्द गांधी ने भी यह साबित करके दिखा दिया कि किसान भी रैवोलूशन कर सकते हैं । अगर किसानों की आप ने भलाई नहीं की तो किसान चुप नहीं बैठने वाले हैं, उनके सब्र की इंतिहा हो चुकी है और वह भी इस देश में बगावत करेंगे और कोई एक दूसरी सरकार यहां पर स्थापित करेंगे । इसलिए अब भी समय है यह सरकार चेते और किसानों का हित करने के लिए सक्रिय कदम उठाये । किसानों को पानी, खाद, बीज आदि की समुचित सहायता मिले ताकि उन्हें अधिक अन्न उगाने में दिलचस्पी पैदा हो ।

आज आप किसानों को उसकी उपज का मुनासिब दाम इसलिए नहीं देते हैं और उसके हितों की इस लिए उपेक्षा करते हैं कि आज किसानों के हाथ में अखबार नहीं हैं, उनकी आवाज़

जोर से उठाई नहीं आती है। मुझे आशा है कि हमारे नये खाद्य मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम इस ओर विशेष रूप से ध्यान देंगे। इन पिछले सत्तरह सालों में हम ने कई फूड मिनिस्टर्स को आते और फिर इस विभाग के बाहर जाते देखा है। अब चूंकि आप ने इस विभाग का चार्ज सम्हाला है इसलिये हम आशा करते हैं कि आप अपने व्यवहार से साबित करेंगे कि वास्तव में आप किसानों के शुभचिन्तक हैं और उनको प्रोत्साहन देकर वास्तव में आप देश में खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाना चाहते हैं।

**श्री सरजू पाण्डेय** (रसड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, आज हम देश की कृषि और खाद्य समस्या पर बहस कर रहे हैं और इस में कोई शक नहीं है कि हमारे देश की खाद्य समस्या बहुत भयानक है। "मर्ज बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की।" मंत्रियों ने बार-बार देश को इस बात का आश्वासन दिया कि हमारा देश अन्न के सम्बन्ध में आत्म-निर्भर हो जायेगा, मगर सत्रह बरसों के बाद जो तस्वीर आज मुल्क के सामने है, वह बहुत ही लज्जाजनक है।

मुझे याद है कि पिछले दिनों खाद्य मंत्री ने भाषा के प्रश्न पर बहुत ही परेशान हो कर इस्तीफ़ा दे दिया था। मैं समझता हूं कि अगर वह इस देश की खाद्य समस्या का समाधान नहीं कर सकते हैं, तो उन का यह नैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह अपने पद से इस्तीफ़ा दे दें और उन को कोई अधिकार नहीं है कि वह मंत्रि-मंडल में बैठे रहें। यह सही बात है कि वह इस देश की खाद्य समस्या को हल करने में बिल्कुल फेल हुए हैं।

देश में महंगाई की जो स्थिति है, वह सब को मालूम है। मैं ने पिछले दिनों अख़बारों में पढ़ा था कि पंजाब में एक रुपये किलो चना मिलता है और एक रुपये किलो अंगूर भी मिलता है। यह अजीब राज्य है, जहां चना और अंगूर एक भाव पर मिलते हैं। हमारे यहां देहात में एक कहावत है कि अंधेरनगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा। आज वही हालत हो रही है।



**श्री राधेलाल व्यास** (उज्जैन) : नासिक में बारह आने किलो है।

**श्री सरजू पाण्डेय** : आज मंत्री महोदय को मुल्क के सामने इस बात का जवाब देना चाहिए कि हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे मुल्क में जो दुर०यवस्था हो रही है उस के लिए जिम्मेदार कौन है। सरकारी आंकड़े हम को बताते हैं कि हम को बाहर से कितना गल्ला मंगाना पड़ रहा है। 1962 में 3.64 मिलियन टन, 1963 में 4.56 मिलियन टन और 1964 में 6.27 मिलियन टन अनाज बाहर से मंगाया गया यानी 1962 की तुलना में 1964 में हम को तकरीबन दुगना अनाज बाहर से मंगाना पड़ा है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश की ग़रीब जनता ने अपना पेट काट-काट कर सरकार को टैक्स दिये हैं। इस मंत्रालय पर करोड़ों रुपये ख़र्च हो रहे हैं। इस का पिछला बजट 400 करोड़ रुपये का था और इस बार का बजट लगभग 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। लेकिन इतना रुपया ख़र्च करने के बाद भी खेती की हालत यह है कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 1963–64 में गल्ले की पैदावार 1960–61 के मुकाबले में 1.6 मिलियन टन कम हुई—1960–61 में 81 मिलियन टन अनाज पैदा हुआ था, जब कि 1963–64 में 79.4 मिलियन टन पैदा हुआ।

अब मंत्री महोदय ने फ़रमाया है कि इस साल बहुत ज्यादा अनाज होने वाला है। इस सिलसिले में मुझे कभी कभी महमूद ग़ज़नवी के दरबार की कहानी याद आती है कि किसी एक उल्लू ने दूसरे उल्लू से कहा कि मुझे चार उजड़े हुए गांव दे दो और दूसरे ने कहा कि महमूद ग़ज़नवी सलामत रहे, हजारों गांव उजड़ जायेंगे। मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय की कृपा से अगली फ़सल भी कुछ होने वाली नहीं है।

[श्री सरजू पाण्डेय]

सरकार की श्रोर से हम को जो भाव के आंकड़े दिये गये हैं, उन को देखने से मालूम होता है कि भावों में वृद्धि ही हो रही है, वे घट नहीं रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में फ़रवरी, 1965 में गेहूं का भाव 89.20 रुपये पर-क्विटल, मार्च में 78.12 रुपये पर क्विटल और मार्च के दूसरे पखवाड़े में 86.50 रुपये पर-क्विटल था। यह तो होलसेल प्राइस है। बाजार में उपभोक्ताओं को तो उस से भी महंगा गल्ला मिलता है।

सरकार बड़ी डींग हांकती है, लेकिन उस ने क्या किया है? मेरा चार्ज है, आरोप है कि उस ने जान-बूझ कर भारत में कृषि-व्यवस्था को सुधारने में आनाकानी की है और कोई संतोषजनक काम नहीं किया है। कांग्रेस आन्दोलन के समय की यह पुरानी मांग थी, जिसके लिए सैकड़ों कमेटियां बिठाई गईं, कि देश में भूमि-सुधार हो। जब तक देश में जमीन जोतने वालों को नहीं मिलेगी, तब तक खेती की पैदावार नहीं बढ़ेगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार के द्वारा भूमि-सुधार की दिशा में बड़े बड़े कदम उठाये गये और पहला कदम है जमींदारियों को तोड़ना। वह तो सरकार ने ठीक किया है, लेकिन जमींदारियों को तोड़ने के बाद भी जमीन किसानों को नहीं मिली है, बल्कि उन्हीं जमींदारों के पास रह गई, जो कि पहले बड़ी बड़ी जमीनों के मालिक थे। उत्तर प्रदेश में या किसी भी दूसरे सूबे में जोतने वालों को जमीन नहीं मिली है।

इसके अलावा सरकार ने जोतों की हद मुकर्रर करने के लिए सीलिंग एक्ट बनाया। उत्तर प्रदेश, पंजाब और कई दूसरे सूबों में सीलिंग एक्ट बनाये गये। इन कानूनों की बदौलत बड़े जमींदारों को इस बात का मौका दिया गया कि वे ग़रीबों के ज्यादा से ज्यादा खेत कानूनी अड़चनों में डाल कर छीन लें।

इस के बाद सरकार ने चकबन्दी की व्यवस्था की, जो कि मेरे ख़याल में महा-भयानक है। उत्तर प्रदेश में भी चकबन्दी की गई है और यह चकबन्दी भ्रष्टाचार का अखाड़ा है। अगर कोई इस की जांच करे, तो मैं बता सकता हूं कि सरकारी कर्मचारियों ने चकबन्दी के नाम पर ग़रीबों को उजाड़ा है, गांवों के असंख्य लोगों को तबाह कर दिया है और करोड़ों रुपये रिश्वत के जरिये कमाये हैं, जिस के सबूत और प्रमाण मौजूद हैं।

मैं आप का ध्यान फ़ोर्ड फ़ाउंडेशन के विशेषज्ञ, लेडेजिंस्की, की रिपोर्ट की तरफ़ दिलाना चाहता हूं, जिस में कहा गया है कि हिन्दुस्तान में भूमि-सुधार तो हुए, लेकिन वे इतने मुर्दा हैं कि जोतने वालों को जमीन नहीं मिली, बल्कि उन को तरह तरह के कानूनी झगड़ों में फंसा दिया गया है। आज भी जमीन का बड़ा भाग उन्हीं लोगों के पास है, जो पहले जमीन के मालिक थे और जो खेती नहीं करते हैं। अभी स्वतंत्र पार्टी के माननीय सदस्य ने भूमि-सुधार का जिक्र किया। यह सच बात है कि इन भूमि-सुधारों के द्वारा जोतने वालों को जमीन नहीं मिली है। अगर खेती करने वाली जनता को जमीन दी गई होती, तो पैदावार ज्यादा बढ़ती और वे लोग काम करते। कुछ ग़रीब लोगों के पास थोड़े बहुत जमीन के टुकड़े रह गये, लेकिन बाकी लोगों को बेदख़ल कर दिया गया है। सरकारी आंकड़ों से मालूम होता है कि देश में 85.8 प्रतिशत लोगों के हाथ में कुल 27.4 प्रतिशत ज़मीन है और बाकी लोगों के पास बिल्कुल जमीन नहीं है। इस प्रकार सरकार द्वारा किये गये भूमि-सुधारों से जोतने वालों को बिल्कुल लाभ नहीं हुआ है। बल्कि स्थिति यह है कि किसानों के लगान बढ़ा दिये गये हैं, उन के खेत छीन लिये गये हैं, उन को कानूनी पचड़ों में डालकर अपने खेतों से बेदखल कर दिया गया है। ये इस भूमि-सुधार के नतीजे हैं।

सरकार की ओर से योजना की बहुत बात की जाती है। योजना बनाने में वह बहुत तेज है। मैं स्वयं भी बुनियादी रूप से योजना में विश्वास रखता हूं और समझता हूं कि बग़ैर योजनाबद्ध विकास के देश तरक्की नहीं कर सकता है। मगर यहां जो योजना बनती है, वह तो अफ़सर-बढ़ाओ योजना है और उससे खेती, सिंचाई, खाद या किसान की दूसरी सुविधाओं में वृद्धि नहीं होती है। अफ़सरों की संख्या में कितनी ज्यादा वृद्धि की गई है, यह इस रिपोर्ट के 13वें पन्ने पर दिये गये इन वाक्यों से देखा जा सकता है :

"The Directorate of Extension provided the essential link for communicating the results of research to the extension workers at the ground level and the farmers through its 5 technical units, namely Extension Training Unit, Farm Advisory Unit, Agricultural Implements Unit, Farm Information Unit and the Package Programme Unit."

जून, 1964 तक 63,387 ग्राम-सेवक और 7,076 ग्राम-सेविकायें रखी गई हैं और उनके अलावा 7,840 विलेज लैवल वर्कर्ज और 731 ग्राम सेवकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। आप किसी भी ब्लाक में जाइये, वहां पर आपको हजारों अफ़सर मिलेंगे। अगर पूछा जाये कि वे क्या काम करते हैं, तो कोई घोड़ा इंस्पैक्टर है, कोई "दीमक-मारो" इंस्पैक्टर है, कोई "मुर्गी-पालो" इंस्पैक्टर है, कोई गधा इंस्पैक्टर है। पता नहीं, कैसे कैसे अफ़सर सरकार ने रखे हुए हैं। और ये लोग सारे मुल्क में चरते हैं, सारे मुल्क को बुरी तरह से खा रहे हैं।

हम यह भी देखते हैं कि एक बी० डी० ओ० के नीचे सोलह ए० डी० ओज० होते हैं। और उनके काम क्या हैं? वे लोग इस बात का हिसाब रखते हैं कि गांव में मुर्गियां कितनी हैं, घोड़े कितने हैं और गधे कितने हैं आदि। राज्य सरकारों ने इस बजट से गांवों में वोट लेने के लिए मशीनरी पैदा की है। गांवों के अन्दर एग्रिकल्चर की कतई तरक्की इस तरह से नहीं होती है। ए० डी० ओ०, बी० डी० ओ०, ग्राम सेविका, ग्राम सेवक, सैक्रेटरी इत्यादि पता नहीं कितना अमला वहां आपने जमा कर रखा है। यह सब अमला आपने इलैक्शन के दिनों में काम में लाने के लिए जमा कर रखा है। इस प्लानिंग के बारे में ग्राम सेवक ने कहीं बताया था "नक्शा, मीटिंग और सलाम"। दिन भर नक्शे बनाते हैं, सारी दुनिया भर की बात होती हैं, नक्शे बनाते हैं मिटाते हैं, इस तरह के कामों से कुछ नहीं होगा। गलत आंकड़े आपको भेजे जाते हैं और गलत डेटों के ऊपर भेजे जाते हैं। अगर आप अपने कनक्लूशंज उनके ऊपर बेस करेंगे तो कभी भी आप सफलतापूर्वक काम नहीं कर सकते हैं। देश रसातल को चला जायेगा। देश की अन्न की समस्या को आप कभी भी हल नहीं कर पायेंगे। देश को अन्न आप कभी नहीं दे पायेंगे। वर्तमान नौकरशाही प्लानिंग की दुश्मन है। इसको कोई इल्म नहीं है, इसको प्लानिंग का कोई आइडिया नहीं है, कोई जानकारी नहीं है।

प्लानिंग में क्या क्या होता है? इसमें आपने क्या क्या बनाया है? ग्राम सेवक बनाया है, ग्राम सेविका बनाई है, मुर्गी पालन विभाग बनाया है, सूअर पालन विभाग बनाया है, घोड़ा विभाग बनाया है, गधा विभाग बनाया है। इस तरह से काम नहीं चल सकता है। सही मानों में काश्तकार की जो जरूरतें हैं, उनको आप पूरा करें। किसान की मांग है कि उसको पानी मिले, लेकिन पानी उसको मिलता नहीं है। नहरें बनी हुई हैं, उनमें पानी नहीं है। ट्यूब-वैल लगे हुए हैं, उनमें से एक बूंद पानी नहीं निकलता है। नेताओं ने अपने अपने प्रभाव के कारण, दबाव डाल करके अपने अपने खेतों में ट्यूबवैल लगवा लिये हैं। मैं कई इस तरह की मिसालें अपने जिलों की आपको

[श्री सरजू पाण्डेय]

दे सकता हूं । आप जांच कराइये । जहां ये ट्यूबवैल लगे हुए हैं वहां इनकी कोई जरूरत नहीं है । सिफारिश और दबाव में आ कर उनको लगा दिया गया है । जहां तक खर्च की बात है, वह तो बेतहाशा इन पर किया गया है । आपको चाहिये कि आप सिंचाई की व्यवस्था करें ।

आज आप किस तरह के विभाग बनाते हैं, वन सम्पदा विभाग बनाया जाता है, गायों की रक्षा के लिए विभाग बनाया जाता है, फिशरी डिपार्टमेंट बनाया जाता है । जहां तक इस फिशरी विभाग का ताल्लुक है, नैनीताल में आप चल कर मेरे साथ देखें । वहां पर आप को तालाब कागजों में खुदा हुआ मैं दिखा दूंगा । मछलियों के लिए यह तालाब है लेकिन वहां एक भी मछली नहीं है पानी भी नहीं है, एक कीड़ा तक उस में नहीं है । आप ने गो सेवा सदन खोले हैं । आप गो सप्ताह मनाते हैं । गो सप्ताह में क्या होता है ? कुछ नेता निमंत्रित किये जाते हैं, वे वहां आते हैं, पूरी मिठाई खाते हैं और गो संवर्द्धन पर भाषण होते हैं लेकिन एक गाय की तरक्की नहीं होती है । जो नस्ल है वह बरबाद होती जा रही है । मैं आपको सच बताता हूं कि गांवों में एक इंच भी जमीन ऐसी नहीं है जो चरागाह के लायक हो, जिसको चरागाह कहा जा सके । जो चरागाह की जमीनें थीं, उन पर गांवों के गुंडों ने, वहां के बदमाशों ने कब्जा कर लिया है । सरकार के पास कोई कानून नहीं है कि उन जमीनों से, उन स्थानों से इन लोगों को बेदखल करवा कर गांव समाज को ये दी जायें । नतीजा यह है कि एक इंच भूमि भी चरने के लिए नहीं है । जितनी गायें थीं, जितनी भैंसें थीं वे सब समाप्त हो गई हैं । कागजों पर गो सेवा सदन हैं और गो सप्ताह मनाये जाते हैं . . .

**श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती** : मुर्गी, मछली आदि ही बस रह गई हैं ।

**श्री सरजू पाण्डेय** : मैंने आपको बतला तो दिया है कि तालाब बना हुआ है, उसमें मछली एक भी नहीं है ।

अगर आप चाहते हैं कि दरअसल देश में अन्न की पैदावार बढ़े तो यह विशाल डिपार्टमेंट जो आपने बना रखे हैं और दुनिया भर की रिसर्च करते फिरते हैं इससे कुछ नहीं होगा । हमारे मिश्र जी ने ठीक ही कहा है कि यह नौकरशाही जिस ने कभी जमीन नहीं देखी है, जिस को खेती का कोई अनुभव नहीं है, इस सब को बिठा कर के आप किसी बात को तय करवाना चाहें तो वह सौ बरस में भी तय नहीं हो सकती है । इनको कोई ज्ञान ही नहीं है कि खेती कैसे होती है, इसको कतई किसी बात का पता नहीं है । किस चीज का इसको ज्ञान है इसकी एक मिसाल मैं आप को देता हूं । प्लानिंग की क्या व्याख्या है, इसको मैं आप को बतलाता हूं ।

मुझे संस्कृत डिपार्टमेंट के डायरेक्टर साहब मिले । मैंने पूछा कि आप कौन सी योजना बना रहे हैं, संस्कृत कौन पढ़ रहा है, तो उन्होंने कहा मैं कोई योजना नहीं बनाता हूं, मैं तो कुछ गजेटिड अफसर बनाता हूं और कुछ नान-गजेटिड अफसर बनाता हूं, कुछ भरती करता हूं और कुछ को निकालता हूं, तोड़ता हूं और यह सब इसलिए कि मुझे डर है कि हमारा विभाग ही न टूट जाये । इस वास्ते हम आदमी कुछ नीचे ऊपर बनाते रहते हैं । यह नीचे ऊपर की जो पालिसी है यह जानी चाहिये ।

आज जरूरत सिंचाई की है और वह भी माइनर इरिगेशन की नहीं । आप देखें कि चीजों का जो अभाव है, सिमेंट का जो अभाव है, लोहे का जो अभाव है, उनके कारण से कितनी दिक्कत होती है, कोई स्कीम्ज ही पूरी नहीं हो पाती हैं, माइनर स्कीम्ज भी नहीं बन पाती हैं । लोगों के पास जोतने के लिए जमीन तक नहीं है । इस साइंटिफिक युग में

जबकि दुनिया इतनी तेज़ी के साथ भाग रही है, इतनी तेज़ी से बदल रही है, आप किसान को यह कहते हैं कि तुम अपने खेत में जा कर पानी कुएं से निकाल कर अपना काम चलाओ। इस तरह से उसको दिन भर में कितना पानी मिल सकता है क्या इस को भी आपने देखा है। निश्चय ही आजकल के आदमी को पुराने ढंग की खेती पर नहीं लगाया जा सकता है। यही कारण है कि आज पढ़े लिखे लोग नौकरी की तरफ भागते हैं और कोई पढ़ा लिखा आदमी खेती करना नहीं चाहता है। ये सब कारण हैं जिनसे मुश्किलात पेश आ रही हैं।

आप यह भी देखें कि गांवों में एग्रिकलचरल लेबर नहीं मिलती है। क्यों नहीं मिलती है क्या इसको भी आप ने देखा है? इसका कारण यह है कि जो इसको सौ साल पहले मजदूरी मिलती थी वही मजदूरी आज भी मिलती है। पटेल आयोग ने चार ज़िलों का दौरा किया था और उसकी रिपोर्ट आपके पास है। ये चार पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज़िले थे। उसने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि यहां पर आज भी सोलह नये पैसे रोज़ाना मजदूरी मिलती है। आप अब देखें कि सोलह नये पैसे में काम करने के लिए कौन आदमी आप को मिल सकता है।

